Bareilly, Wednesday,
27 October 2021
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.00/-
Pages 16

दैनिक जागरण

inext

PAGE NO. 06.MIDDLE

केंद्रीय विद्यालय ने किया क्वार्टर फाइनल में प्रवेश

केंद्रीय विद्यालय के कप्तान अंकित कुमार बने मैन ऑफ द मैच, टूर्नामेंट के संरक्षक आदित्य मूर्ति जी ने दी मैन ऑफ द मैच की ट्राफी

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (26 Oct): श्री राम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन सेंट फ्रांसिस कॉन्वेंट स्कूल और केंद्रीय विद्यालय एयरफोर्स स्कूल के बीच नॉकआउट मैच हुआ. जिसमें केंद्रीय विद्यालय की टीम ने मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया. वहीं दूसरा मैच जेपीएम स्कूल और इस्लामिया इंटर कॉलेज के बीच होना था. लेकिन इस्लामिया इंटर कॉलेज की टीम समय पर नहीं पहुंची जिस कारण जेपीएम स्कूल को विजेता घोषित किया गया. साथ ही जेपीएम की टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई. केन्द्रीय विद्यालय के कप्तान अंकित कुमार को एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव व टूर्नामेंट आयोजन समिति के संरक्षक आदित्य मूर्ति ने मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी दी. एसआरएमएस कॉलेज क्रिकेट ग्राउंड पर ट्यूजडे को सेंट फ्रांसिस कॉन्वेंट स्कूल और केंद्रीय विद्यालय एयरफोर्स स्कूल के बीच मैच खेला गया. टॉस जीतकर सेंट फ्रांसिस कान्वेंट स्कूल ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया.